| Publication | Punjab Kesari |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 04 (Ambala Edition) |
| Date | 25th June 2018 |

पंजाब केसरी

## सीबीएस, पीओएस सहित ऑन लाइन पंजीकरण की भी सुविधा

# डाकघर में पहला आधार सेवा केन्द्र शुरू

### ■ अत्याधुनिक डाकघर का फरवरी में मुख्य पोस्ट मास्टर द्वारा हुआ था उदघाट्न

गुड़गांव, 24 जून (ब्यूरो): सेक्टर 82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट डाकघर में पहला आधार सेवा केंद्र शुरू हो गया है। वाटिका ग्रुप के सुविधा प्रबंधन विभाग की यह पहल डिजिटल डाक घर का हिस्सा हैं। इसका फरवरी माह में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल सुखदेव राज के हाथों इसका उद्घाटन किया गया था।

क्षेत्रफल व सुविधाओं के हिसाब से यह जिले का पहला अत्याधुनिक डाकघर है। अधिकारियों के मुताबिक डिजिटल युग के हिसाब से डाकघर में सभी सुविधाएं प्रदान की गई है जो जिले के अन्य डाकघरों में नही है।



*डाकघर की फाइल फोटो*

बताया जाता है कि राजस्व के लिहाज से बेहद अहम माने जाने वाले जिले में सभी सुविधाओं से युक्त डाकघर की जरूरत महसूस की जा रही थी। जिसे देखते हुए डाक मुख्यालय की ओर से इसे बनाने की मंजूरी प्रदान की गई थी। बता दें कि डाक घर काफी विस्तृत क्षेत्रफल में बना है जो पूरी तरह डिजिटल है। डाक घर में एक डिजिटल बोर्ड भी लगाया गया है जिसपर लाभार्थियों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाती है। जिसमें प्रमुख रूप से डाक बैंकिंग सुविधाए, डाक घर बचत योजना, डाक घर बचत खाता, केंद्र सरकार की योजनाएं, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, सहित मेल ट्रैक पिन कोड, निवेश पर लाभ व ऑनलाइन प्रेषण ट्रैकिंग जैसी सुविधा दर्शाई जाती है।

**डाकघर की खासियत:-** डाकघर में आधार केंद्र परिसर, विकलांगों के लिए अनुकूल है जहाँ वरिष्ठ नागरिकों और विकलागों के प्रवेश के लिए रैंप का भी प्रावधान है।

इसके अलावा डाक घर में कोर बैंकिंग सेवाएं (सीबीएस) पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन डिजिटल ट्रांजेक शन सहित वेस्टर्न मनी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा जल्द ही यहां पासपोर्ट सेवा केंद्र भी खोलने की तैयारी की जा रही है।

> ''यह जिले का सबसे अत्याधुनिक डाकघरों में से एक है। यहां हर तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है जिसमें वेस्टर्न मनी से लेकर विभिन्न केन्द्रीय योजनाएं शामिल है। केन्द में आधार के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की गई है ग्राहको दिक्कत ना हो।''
>
> **–एस के भारद्वाज, डाक अधिक्षक**

| | |
|---|---|
| Publication | Punjab Kesari |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 (Panipat Edition) |
| Date | 22nd June 2018 |

पंजाब केसरी

# सेक्टर-82 स्थित डाकघर में आधार सेवा शुरू होने पर खुशी

**गुरुग्राम**, पी.सी. आर्य, (पंजाब केसरी) : साइवर सिटी के सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेकस्ट डाकघर में पहला आधार सेवा केन्द्र प्रारम्भ हो गया है। वाटिका ग्रुप के प्रबन्धन विभाग से सम्बद्ध एनवायरो की यह पहल, डिजिटल डाकघर का हिस्सा हैं जो वाटिका और गुरुग्राम निवासियों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहेगा। डाकघर को काफी बड़े भूभाग पर बनाया गया है, जिसमें सीनियर सिटीजन तथा विकलांगों के लिए विशेष व्यवस्था ( रैप) की गई है। सूत्रों ने बताया कि डाकघर में कोर बैंकिंग सेवाएं, पीओएस मशीन आनलाइन सिस्टम आदि सुविधाओं का जहां प्रावधान किया गया हैं। वहां सभी प्रकार के लेन-देन डिजिटल फार्म द्वारा होते हैं। यहां वेस्टर्न मनी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी और पासपोर्ट सेवाकेन्द्र भी शीघ्र खुलेगा जिससे पर्याप्त नागरिकों को लाभ मिलेगा इस आधुनिक डाकघर में लगाए गए डिजिटल बोर्ड पर बचत खाता, केन्द्रीय योजनाएं, वरिष्ठ नागरिक खाता, मासिक वेतन, एफडीआर, मेल ट्रैक, निवेश पर लाभ प्रेषण ट्रेकिंग सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं को अंकित किया गया हैं। जिसे पढ़कर सैंकड़ों लोग इस डाकघर में अपने खाते खोल सकते हैं। कुछ समय पूर्व प्रदेश के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, कर्नल सुखदेव राज ने इस डिजिटल डाकघर का श्रीगणेश किया था। वाटिका के सन्तोष कुमार दूबे सहित दर्जनों निवासियों ने डाकघर में आधार सेवा उपलब्ध कराने के लिए एनबायरों टीम का आभार प्रकट किया हैं।

| Publication | Gurgaon Today |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 04 |
| Date | 21st June 2018 |

गुड़गांव टुडे


# न्यू गुरुग्राम की पहली आधार सेवा केंद्र शुरू

**इस डाकघर का उद्घाटन सुखदेव राज के हाथों हुई थी बहुत जल्द यहां पर पासपोर्ट सेवाएं भी शुरू की जाएंगी**



गुड़गांव टुडे, न्यू गुरुग्राम

न्यू गुरुग्राम सेक्टर 82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट डाकघर में पहला आधार सेवा केंद्र क्रियाशील हो चुका है। वाटिका ग्रुप के सुविधा प्रबंधन विभाग, एनवायरो की यह पहल डिजिटल डाक घर का हिस्सा है। मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल सुखदेव राज के हाथों फरवरी में निर्मित यह आधुनिक डाक घर विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराता है।

वाटिका के निवासी संतोष कुमार दुबे ने कहा कि इस डाकघर में आधार सेवा उपलब्ध कराने के लिए एनवायरो टीम का बहुत शुक्रिया। ये वाटिका और गुरुग्राम दोनों के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारे क्षेत्र में एक भी आधार नामांकन केंद्र नहीं है। डाक घर काफी विस्तृत क्षेत्रफल में बना है और पूरी तरह डिजिटल है जिस कारण धोखाधड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। आधार केंद्र का कैंपस विकलांगों के लिए अनुकूल है जहां वरिष्ठ नागरिकों और विकलांगों के प्रवेश के लिए रैंप का भी प्रावधान है। इस डाक घर में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान है जिसमें कोर बैंकिंग सेवाएं, पॉइंट ऑफसेल (पीओएस) मशीन, ऑनलाइन पंजीकरण सुविधाएं भी शामिल हैं। सभी लेन देन डिजिटल फॉर्म्स के जरिये होते हैं। यहां वेस्टर्न मनी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। डाक घर में जल्द ही पासपोर्ट सेवा केंद्र भी खुलेगा जिससे निवासियों को बहुत सुविधा होगी। इस आधुनिक डाक घर में एक डिजिटल बोर्ड भी लगाया गया है जिस पर लाभार्थियों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कि डाक बैंकिंग सुविधाएं, डाक घर बचत योजना, डाक घर बचत खाता, केंद्र सरकार की योजनाएं, केंद्र सरकार की योजनाएं, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, मासिक वेतन योजनाएं, फिक्स्ड डिपोजिट सेवाएं, मेल ट्रैक पिन कोड, निवेश पर लाभ, ऑनलाइन प्रेषण ट्रैकिंग इत्यादि को दर्शाया जाएगा।

| Publication | Human India |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 21st June 2018 |

ह्यूमन इंडिया


# गुरुग्राम के पहली आधार सेवा केंद्र की हुई शुरूआत



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** न्यू गुरुग्राम सेक्टर 82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट डाकघर में पहला आधार सेवा केंद्र क्रियाशील हो चुका है।

वाटिका ग्रुप के सुविधा प्रबंधन विभाग- एनवायरो की यह पहल डिजिटल डाक घर का हिस्सा है मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल सुखदेव राज के हाथों फरवरी में निर्मित यह आधुनिक डाक घर विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराता है। वाटिका के निवासी, संतोष कुमार दुबे ने कहा कि इस डाकघर में आधार सेवा उपलब्ध कराने के लिए एनवायरो टीम का बहुत शुक्रिया ये वाटिका और गुरुग्राम दोनों के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है हमारे क्षेत्र में एक भी आधार नामांकन केंद्र नहीं है।

डाक घर काफी विस्तृत क्षेत्रफल में बना है और पूरी तरह डिजिटल है जिस कारण धोखाधड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है आधार केंद्र का कैंपस विकलांगों के लिए अनुकूल है जहाँ वरिष्ठ नागरिकों और विकलागों के प्रवेश के लिए रैंप का भी प्रावधान है।

इस डाक घर में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान है जिसमें कोर बैंकिंग सेवाएं, पॉइंट ऑफ़ सेल (पीओएस) मशीन, ऑनलाइन पंजीकरण सुविधायें भी शामिल हैं सभी लेन देन डिजिटल फॉर्म्स के जरिये होते हैं यहाँ वेस्टर्न मनी सेवायें भी उपलब्ध होंगीं डाक घर में जल्द ही पासपोर्ट सेवा केंद्र भी खुलेगा जिससे निवासियों को बहुत सुविधा होगी। इस आधुनिक डाक घर में एक डिजिटल बोर्ड भी लगाया गया है जिसपर लाभार्थियों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कि डाक बैंकिंग सुविधाएँ, डाक घर बचत योजना, डाक घर बचत खाता, केंद्र सरकार की योजनायें, केंद्र सरकार की योजनायें, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, मासिक वेतन योजनायें, फिक्स्ड डिपोजिट सेवाएं, मेल ट्रैक पिन कोड, निवेश पर लाभ, ऑनलाइन प्रेषण ट्रैकिंग इत्यादि को दर्शाया जाएगा।